NCERT SOLUTIONS

CLASS - 10th

aglasem.com

Class : 10th
Subject : हिंदी
Chapter : 14
Chapter Name : एक कहानी यह भी

Q1 लेखिका के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का किस रूप में प्रभाव पड़ा?
Answer.
लेखिका के जीवन पर निम्नलिखित लोगों का विशेष प्रभाव पड़ा:-
लेखिका के पिता का प्रभाव; लेखिका के जीवन पर पिताजी का ऐसा प्रभाव पड़ा कि वह हीन भावना से ग्रस्त हो गई। इसी के परिणाम स्वरूप उनमें आत्मविश्वास की भी कमी हो गई थी। पिता के द्वारा ही उनमें देश प्रेम की भावना का भी निर्माण हुआ था।
शीला अग्रवाल का प्रभाव; शीला अग्रवाल की जोशीली बातों ने एक ओर लेखिका के कोई आत्मविश्वास को पुनः लौट आया तो दूसरी ओर देश प्रेम की अंकुरित भावना को उचित माहौल प्रदान किया।

Page :- 100 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q2 इस आत्मकथ्य में लेखिका के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है?
Answer.
लेखिका के पिता का मानना है कि रसोई का काम करने के कारण लड़कियों की क्षमता और प्रतिभा नष्ट हो जाती है। वह खाना पकाने तक ही सीमित रह जाती हैं और अपनी सही प्रतिभा का उपयोग नहीं कर पाती।

Page :- 100 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q3 वह कौन-सी घटना थी जिसके बारे में सुनने पर लेखिका को न अपनी आँखों पर विश्वास हो पाया और न अपने कानों पर?
Answer.
एक बार कॉलेज के प्रिंसिपल का पत्र आया कि लेखिका के पिता जी आकर उनसे मिले और बताएं कि लेखिका की गतिविधियों के खिलाफ क्यों ना अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। पत्र पढ़कर पिताजी गुस्से से भन्नाते हुए कॉलेज गए इससे लेखिका बहुत भयभीत हो गई। परंतु प्रिंसिपल से मिलने तथा असली अपराध के पता चलने पर लेखिका के पिता को अपनी बेटी से कोई शिकायत नहीं रही। पिताजी के व्यवहार में परिवर्तन देख लेखिका को ना तो आंखों पर भरोसा हुआ ना कानों पर विश्वास।

Page :- 100 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q4 लेखिका की अपने पिता से वैचारिक टकराहट को अपने शब्दों में लिखिए।
Answer.
लेखिका के मन में देश की आजादी के लिए संघर्ष की भावना घर कर चुकी थी। उनके पिता देश की स्थितियों के प्रति जागरूक थे। वे चाहते थे कि लेखिका भी देश की परिस्थितियों से अवगत हों परंतु

aglasem.com

लड़कियों की भूमिका घर के अंदर बनाए रखने के पक्ष में थे। वही लेखिका स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाना चाहती थी।

Page :- 100 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q5 इस आत्मकथ्य के आधार पर स्वाधीनता आंदोलन के परिदृश्य का चित्रण करते हुए उसमें मन्नू जी की भूमिका को रेखांकित कीजिए।
Answer.
सन् 1942 के आंदोलन के बाद सारे देश में राजनैतिक पार्टी के जमावड़े होते थे और जमकर बहस होती थी। क्रांतिकारी और देशभक्तों के करीब आने से युवाओं का मन प्रेरणा से भर जाता था । पूरे देश में प्रभात, हड़ताले, जुलूस आदि होते रहते थे। मन्नु जी अपने विद्यालय से ही स्वतंत्रता संघर्ष में कूद पड़ी उनके एक इशारे पर छात्रा एकत्रित हो जाती थी। आजाद हिंद फौज में अजमेर के विद्यार्थी ने हड़ताल किया वह मन्नू भंडारी ने जोरदार भाषण दिया। बाद में उनका विद्यालय में प्रवेश वर्जित कर दिया गया परंतु विद्यार्थियों के हुड़दंग से उन्हें पुनः प्रवेश की अनुमति मिल गई।

Page :- 100 , Block Name :- प्रश्न अभ्यास

Q6 लेखिका ने बचपन में अपने भाइयों के साथ गिल्ली डंडा तथा पतंग उड़ाने जैसे खेल भी खेले किंतु लड़की होने के कारण उनका दायरा घर की चारदीवारी तक सीमित था।क्या आज भी लड़कियों के लिए स्थितियाँ ऐसी ही हैं या बदल गई हैं, अपने परिवेश के आधार पर लिखिए।
Answer.
लेखिका के बचपन में अपने भाइयों के साथ गिल्ली डंडा तथा पतंग उड़ाने जैसे खेल भी खेले किंतु लड़की होने के कारण उनका दायरा घर की चारदीवारी तक सीमित था। किंतु आज लड़कियों का दायरा घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं है क्योंकि स्थितियां बदल चुकी है। लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं है चाहे वह रक्षा ही क्यों ना रह गई हो। वह लड़कों से कदम से कदम मिलाकर चल रही है।

aglasem.com

Page :- 100 , Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

Q7 मनुष्य के जीवन में आस-पड़ोस का बहुत महत्व होता है।परंतु महानगरों में रहने वाले लोग प्राय: 'पड़ोस कल्चर' से वंचित रह जाते हैं। इस बारे में अपने विचार लिखिए।
Answer.
बड़े शहरों की दिनचर्या काफी व्यस्त रहती है, यहां लोग आय को प्रमुखता देते हैं। इसके लिए अधिक से अधिक पैसा कमाने में समय व्यतीत करते रहते हैं। वहां पर पड़ोस कल्चर से लोग वंचित रह जाते हैं। वह ना तो एक दूसरे से परिचित हो पाते हैं और ना ही उनके सुख-दुख के भागीदार बन पाते हैं। यहां बच्चों को भी साथियों की कमी महसूस होती है।

Page :- 100 , Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

Q8 लेखिका द्वारा पढ़े गए उपन्यासों की सूची बनाइए और उन उपन्यासों को अपने पुस्तकालय में खोजिए।
Answer.
छात्र स्वयं करें।

Page :- 100 , Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

Q9 आप भी अपने दैनिक अनुभवों को डायरी में लिखिए।
Answer,
छात्र स्वयं करें।

Page :- 100 , Block Name :- रचना और अभिव्यक्ति

Q10 इस आत्मकथ्य में मुहावरों का प्रयोग करके लेखिका ने रचना को रोचक बनाया है। रेखांकित मुहावरों को ध्यान में रखकर कुछ और वाक्य बनाएँ -
(क) इस बीच पिता जी के एक निहायत दकियानूसी मित्र ने घर आकर अच्छी तरह पिता जी की लू उतारी।
(ख) वे तो आग लगाकर चले गए और पिता जी सारे दिन भभकते रहे।
(ग) बस अब यही रह गया है कि लोग घर आकर थू-थू करके चले जाएँ।
(घ) पत्र पढ़ते ही पिता जी आग-बबूला हो गए।
Answer.
(क) भाई की शरारतों से तंग आकर पिताजी ने भाई की अच्छी तरह लू उतारी।
(ख) राम ने श्याम के घर में आग लगाकर अच्छा नहीं किया।
(ग) जब पता चला श्याम चोर है तो उसके सारे पड़ोसी थू थू करके चले गए।
(घ) चोरी का पता चलते ही लोग चोर पर आग बबूला हो गए।

Page :- 101 , Block Name :- भाषा अध्ययन

aglasem.com